Title: Regarding decline in ground water level in Etavah district of Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विाय को उठाने जा रहा हूं। मेरे क्षेत्र में इटावा और औरैया दो जनपद पड़ते हैं जिनमें सूखे की भयंकर स्थिति के कारण जमीन के जल का स्तर बहुत नीचे चला गया है। वहां पहाड़ी इलाका भी है। सूखे के कारण जलस्तर के अत्यन्त नीचे चले जाने से वहां किसान बहुत परेशान हैं। जो प्राइवेट ट्यूबवैल्स थे उनसे पानी आना बन्द हो गया है। जो वहां हैंड पम्प हैं उनसे भी पानी नहीं आ रहा है। इसके कारण किसान सिंचाई में बहुत कठिनाई महसूस कर रहे हैं। जल एवं सिंचाई के अभाव में उनकी जमीन बिल्कुल सूख गई है। मनुय और जानवरों को भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री राहत कोा से मेरे क्षेत्र में 100 सरकारी ट्यूबवैल खुदवाए और 1000 हैंडपम्प लगवाने की व्यवस्था करे।